Sixteenth Loksabha

an>

Title: Need to accord approval to the proposal of Government of Uttar Pradesh to start new Sainik School in Mainpuri district, Uttar Pradesh.

श्री तेज प्रताप सिंह यादव (मैनपुरी): उत्तर प्रदेश के मैनपुरी जिले में सैनिक स्कूल की स्थापना की वर्ों से मांग है। मैनपुरी के अलावा फर्रूखाबाद, एटा, इटावा के लोगों के लिए सेना का बड़ा आर्कण है। अभिभावक सैनिक स्कूल की शिक्षा व्यवस्था से प्रभावित रहते हैं। इसके लिए राज्य सरकार और रक्षा मंत्रालय के साथ 30 अप्रैल, 2015 को समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षार किये गए।

उत्तर प्रदेश के तत्कालिक मुख्यमंत्री के व्यक्तिगत प्रयास से 240 करोड़ की लागत से सैनिक के निर्माण में तेजी लायी गयी। स्कूल लगभग बनकर तैयार हो चुका है। इसी साल अप्रैल, 2017 में कक्षाएं भी शुरू कराने का प्रस्ताव भी केन्द्र सरकार व रक्षा मंत्रालय को भेजा जा चुका है लेकिन अभी तक मंजूरी प्रदान नहीं की गई है।

सरकार से मेरी मांग है कि सैनिक स्कूल को प्रारंभ करने के लिए उचित कदम उठाये जाएं जिससे शैक्षणिक सत्र अतिशीघ्र शुरू हो सके।